रौल नं0.....नाम परीक्षार्थी.....

VI-1 वार्षिक परीक्षा सन् 2025 ई० A

हिन्दी

समय – 2.00 घण्टा कक्षा – 6 पूर्णांक – 100

नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्न गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12

ग्यारह वर्ष की उम्र में माताजी विवाह कर शाहजहाँपुर आयी थीं। शाहजहाँपुर आने के थोड़े दिनों बाद ही दादी जी ने अपनी छोटी बहिन को बुला लिया। उन्हीं ने गृह–कार्य में माता जी को शिक्षा दी। थोड़े ही दिनों में माता जी ने सब गृह–कार्य को समझ लिया और भोजनादि का ठीक–ठीक प्रबन्ध करने लगी।

(क) माताजी विवाह कर कहाँ आयी थी?

(ख) दादीजी ने अपने पास किसको बुला लिया?

(ग) माताजी को गृह–कार्य में शिक्षा किसने दी?

अथवा

निम्न पद्यांश का सन्दर्भ–सहित अर्थ लिखिए :–

मत डर प्रलय–झकोरों से तू,
बढ़ आशा–हलकोरों से तू,
क्षण में अरि–दल मिट जाएगा
तेरे पंखों से पिसकर
खग, उड़ते रहना जीवन भर।

2. किन्हीं दो खण्डों के उत्तर दीजिए– 8

(क) मोइना का नाम 'क्यों–क्यों लड़की' क्यों पड़ा?

(ख) 'थाल में भाल सजाने' से कवि का क्या तात्पर्य है?

(ग) चिरंजीलाल ने अपने भाषण में क्या कहा और क्यों कहा?

3. (क) किन्हीं दो शब्दों में सन्धि–विच्छेद कीजिए :– 4

पुनरावृत्ति, महर्षि, सुरेन्द्र, रवीन्द्र।

(ख) किन्हीं दो उपवाक्यों के लिए एक–एक शब्द लिखिए :– 4

(अ) जिसका जबाब न हो (ब) जिसको जीता न जा सके

(स) मन को हरने या आकर्षित करने वाला।

(पृष्ठ पलटिए)

(ग) किन्हीं दो मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए :– 4
पैरों में पर लग जाना, बाल बाँका न होना, राई का पर्वत करना।

(घ) किन्हीं छः शब्दों के तत्सम शब्द लिखिए :– 4
सूरज, हवा, सच, कान, सपना।

(ङ) किन्हीं दो शब्दों के दो–दो पर्यायवाची लिखिए :– 4
पवन, इन्द्र, वक्त, अग्नि।

(च) किन्हीं दो शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए:– 8
गौशाला, बुदबुदाना, अहसान।

4. अपनी पाठ्य–पुस्तक से याद की हुई किसी कविता की चार पंक्तियाँ अथवा कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न–पत्र में न आया हो। 8

5. महान व्यक्तित्व भाग 1 से किसी एक महापुरूष का वर्णन संक्षेप में कीजिए। 8

6. निम्न अवतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 12

वयं स्वास्थ्यस्य लाभाय सावधानाः भवेम, यथा अस्माकं शरीरे सर्वाणि अङ्गानि स्वं स्वं कार्यं सम्यक् कुर्युः। प्रतिदिनं सूर्योदयात् पूर्वम् उत्थानं कुर्यात्। भूमौ पादस्पर्शात् पूर्वं जनः ईश्वरं नमेत्। ततः जलं पिबेत्, बहिः स्वच्छपरिवेशे भ्रमेत्।

अथवा

पत्रनिर्मिता तव नौका
पत्रनिर्मिता मम नौका
तव नौका सलिले गलिता
अग्रे मम नौका बलिता॥

7. आपका स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण तीन दिन के अवकाश हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 8

8. निम्न में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– 16

(क) होली

(ख) हमारा विद्यालय

(ग) मेले का वर्णन।